# Indian Evidence Act 1872

1. निम्नलिखित वादों में से किसमें धारा 27 की संवैधानिकता को अनु० 20 (3) के उल्लंघन के आधार 'चुनौती दी गयी थी? पर

(a) स्टेट ऑफ बाम्बे बनाम काठी कालू

(b) मिर्जा अकबर बनाम किंग एम्प्रेस

(c) क्वीन एम्प्रेस बनाम अब्दुला

(d) देवमन बनाम उ० प्र० राज्य

उत्तर (a)

2. धारा 27 के लिये कौन-सी शर्त आवश्यक है?

(a) अभियुक्त से प्राप्त जानकारी के परिणामस्वरूप तथ्य का पता चलना चाहिये

(b) सूचना देने वाला व्यक्ति अभियुक्त होना चाहिये

(c) बताये गये तथ्य अपराध के सम्बन्ध में होने चाहिये

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर (d)

3. पुलिस हिरासत में 'अ' कहता है कि कि मैंने 'ब' की हत्या करके तलवार नाली के नीचे छिपा दी है तो धारा 27 के अन्तर्गत कथन का कितना हिस्सा 'अ' के खिलाफ इस्तेमाल किया जा सकता है यदि वह तलवार बरामद कर ली जाती है?

(a) संपूर्ण कथन

(b) सिर्फ इतना कि मैंने तलवार नाली के नीचे छिपा दिया है

Lawspark Institute

(c) मैंने ब की हत्या करके
(d) उपर्युक्त में से कोई हिस्सा ग्राह्य नहीं है

उत्तर (b)

4. निम्नलिखित में से कौन से कथन संस्वीकृति के रूप में धारा 27 में ग्राह्य होंगे?
(a) मैंने मृतक को दरिया में फेंक दिया है
(b) मैंने अपनी स्त्री को तलवार से घायल किया है
(c) मैंने पिस्तौल छत पर छिपा
(d) ये खून के कपड़े मेरे हैं

उत्तर (c)

5. यदि कोई संस्वीकृति नशे की हालत में ली जाती है तो वह संस्वीकृति:
(a)सुसंगत होगी
(b)विसंगत होगी
(c) स्वीकार योग्य नहीं होगी।
(d) उपर्युक्त सभी कथन गलत हैं

उत्तर (a)

6. कथन (A): कुछ मामलों में संस्वीकृतियों का संपोषण आवश्यक है

Lawspark Institute

कारण (R) : सभी मामलों में न्यायिकेत्तर संस्वाकृति का संपोषण होना चाहिए

कूट :
(a) (A) और (R) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर (b)

7. कथन (A): न्यायिकेत्तर संस्वीकृति यदि स्वैच्छिक है तो अन्य साक्ष्य के साथ विश्वसनीय हो सकती है कारण (R): न्यायिकेत्तर संस्वीकृति साक्ष्य का एक कमजोर सूत्र है
कूट :
(a) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c)(A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर (a)

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

LawSpark Institute

(a) प्रत्येक संस्वीकृति स्वीकृति होती है

(b) प्रत्येक स्वीकृति संस्वीकृति होती है

(c) संस्वीकृति सदैव ही अभियुक्त के हित के विरुद्ध होती है

(d) स्वीकृति में ऐसे कथन भी सम्मिलित हो सकते हैं, जो स्वीकृतिकर्ता के हित में हों

उत्तर (b)

9. स्वीकृति और संस्वीकृति -

(1) अनुश्रुत साक्ष्य के अपवाद हैं।

(2) अनुश्रुत साक्ष्य के भाग हैं

(3) सुसंगत साक्ष्य हैं

(4) सबूत पर साक्ष्य में सम्मिलित किये जा सकते हैं

नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए: कूट :

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 3 और 4

(c)1 और 2

(d) केवल 2

उत्तर (b)

10. संस्वीकृति कब असंगत होगी यदि वह संस्वीकृति ली जाती है?

(a) छल द्वारा

(b) चेतावनी से

(c) प्रश्नों के उत्तर में

Lawspark Institute

(d) धमकी द्वारा

उत्तर (d)

11. 'क' एवं 'ख' को 'ग' की हत्या के लिए संयुक्त रूप से विचारित किया जा रहा है। यह साबित किया जाता है कि 'क' ने कहा 'ख' और मैंने 'ग' की हत्या की है। 'ख' के विरुद्ध 'क' की इस संस्वीकृति को न्यायालय विचार में:
(a) ले सकेगा
(b) नहीं लेगा
(c) सुसंगत नहीं है
(d) संस्वीकृति नहीं है

उत्तर (a)

12. साक्ष्य अधिनियम में पूर्व न्याय सुसंगत है -
(a)धारा 39 में
(b) धारा 40 में
(c)धारा 41 में
(d) धारा 43 में

उत्तर (b)

13. निम्न निर्णयों में से कौन-सा साक्ष्य अधिनियम की धारा 43 में विसंगत है?

Lawspark Institute

(a) दिवाला विषयक न्यायालय का निर्णय
(b) विवाह विषयक न्यायालय का निर्णय
(c) प्रोबेट विषयक न्यायालय का निर्णय
(d) अपराध विषयक न्यायालय का निर्णय

उत्तर (d)

14. सामान्य नियम यह है कि निर्णय सुसंगत नहीं होते हैं परन्तु निम्नलिखित में से कौन-से निर्णय सुसंगत होंगे?
(a) जो निर्णय रेस जुडिकेटा का प्रभाव रखता हो
(b)लोकलक्षी निर्णय हो
(c) लोक प्रकृति की बातों से सम्बन्धित निर्णय हो
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर (d)

15. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में डी० एन० ए० टेस्ट साक्ष्य में ग्राह्य है-
(a)धारा 47
(b) धारा 45
(c) धारा 48
(d) धारा 49

उत्तर (b)

Lawspark Institute

16. निम्नलिखित में से कौन सर्वबन्धी निर्णय है?

(a) दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापना के बाद में अन्तिम निर्णय

(b) अपमानलेख के वाद में अन्तिम निर्णय

(c) विवाह-विच्छेद के वाद में अन्तिम निर्णय

(d) संविदा भंग के वाद में अन्तिम निर्णय

उत्तर (c)

17.विशेषज्ञ को किस धारा में परिभाषित किया गया है?

(a)धारा 45

(b) धारा 46

(c) धारा 41

(d) धारा 47

उत्तर (1)

18. हस्तलेख के लिए किसकी राय सुसंगत होती है?

(a) किसी हस्तलेख विशेषज्ञ की

(b) उस हस्तलेख से परिचित किसी व्यक्ति की

(c) न्यायालय स्वयं तुलना करके अपनी राय दे सकता

(d) उपर्युक्त सभी सुसंगत होगी

उत्तर (d)

19. विशेषज्ञ से तात्पर्य है

Lawspark Institute

(a) विषय विशेष में कुशल व्यक्ति
(b) डिग्री या उपाधिप्राप्त व्यक्ति
(c) विषय विशेष में अनुभवी व्यक्ति
(d) (a) एवं (c)

उत्तर (d)

20. विशेषज्ञों की राय सुसंगत है अन्तर्गत
(a) धारा 45
(b) धारा 46
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर (c)

21. विशेषज्ञ की राय ली जा सकती है:
(a) विज्ञान या कला के बारे में
(b) देशी विधि के किसी प्रश्न पर
(c) उपरोक्त दोनों के लिये
(d) उक्त में से किसी के लिये भी नहीं

उत्तर (a)

22. किसी दस्तावेज के हस्ताक्षर और लिखावट को किस प्रकार सिद्ध किया जा सकता है?

LawSpark Institute

(a) उस लेखक के स्वयं के साक्ष्य द्वारा जिसने उसे लिखा हो और हस्ताक्षर किये हों

(b) उसके द्वारा जिसने लेखक को स्वयं दस्तावेज लिखते देखा हो और हस्ताक्षर करते देखा हो

(c) हस्तलेख विशेषज्ञ द्वारा

(d)उपर्युक्त तीनों द्वारा

उत्तर (d)

23. सूचना प्राद्यौगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 द्वारा निम्न में से कौन सी धारा जोड़ी (अन्तःस्थापित) गयी है।

(a) 45क

(b) 47क

(c) 67क

(d) 74क

उत्तर (a)

24. 'ब' 'स' तथा 'द' ने 'अ' को लिखते हुए कभी नहीं देखा, परन्तु वे 'अ' के हस्तलेख के सम्बन्ध में राय देते हैं। इनमें से किसकी राय सुसंगत है?

(a) 'ब' की, क्योंकि ब एक दिल्ली में व्यापारी है। 'अ' ने 'ब' को सम्बोधित करते हुए कई पत्र लिखे हैं

(b) 'स' की क्योंकि 'स' 'अ' का लिपिक है। 'स' का कर्तव्य 'अ' के पत्र व्यवहार को देखना या फाइल करना था

Lawspark Institute

(c) 'द' की क्योंकि 'द' 'च' का दलाल है। 'अ' द्वारा 'च' को लिखे पत्र को 'च' ने 'द' के समक्ष बराबर रखा है तथा 'द' की सलाह ली है
(d) उपर्युक्त सभी को

उत्तर (d)

25. जहाँ किसी न्यायिक प्रक्रिया में किसी अध्यापक के हस्तलेख के प्रश्न विवादित हों, उस अध्यापक के किसी विद्यार्थी की राय सुसंगत हो सकती है, साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में है?
(a) धारा 45
(c) धारा 47
(b) धारा 46
(d) धारा 48

Lawspark Institute

उत्तर (c)

26. एक विद्यार्थी को भी विशेषज्ञ माना जा सकता है। यह सर्वोच्च न्यायालय ने किस वाद में प्रतिपादित किया -
(a) कानपुर विश्वविद्यालय बनाम गुजरात राज्य
(b)शंकरिया बनाम राजस्थान राज्य
(c) पंजाब सिंह बनाम हरियाणा राज्य
(d) भोगिनी भाई बनाम गुजरात राज्य

उत्तर (a)

**27.** कथन (A): दाण्डिक मामलों में यह तथ्य कि अभियुक्त का चरित्र अच्छा है, सुसंगत है।
कारण (R) : दाण्डिक मामलों में अभियुक्त का बुरा चरित्र सर्वदा असंगत है
नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनियेकूट :
(a) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है
(b) (A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है

उत्तर (c)

**28.** किस क्षेत्र में विशेष दक्षता ग्रहण न करने के बाद भी उसकी राय उस क्षेत्र में सुसंगत हो सकती है?
(a) हस्तलेख के प्रश्न पर
(b)अधिकारों या रुढ़ियों के प्रश्न पर
(c)नातेदारी के प्रश्न पर
(d)उपर्युक्त सभी के प्रश्नों पर

उत्तर (d)
**29.** साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में डिजीटल हस्ताक्षर को सुसंगत बनाया गया है?
(a) धारा 47 - A
(b) धारा 116

Lawspark Institute

(c) धारा 14-B

(d) धारा 36-D

उत्तर (a)

30. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत कोई विशेषज्ञ अपनी राय बनाने के प्रयोजनार्थ किये गये प्रयोगों का विवरण दे सकता है?

(a) धारा 50

(b) धारा 49

(c) धारा 51

(d) धारा 47

उत्तर (c)

31. किसी व्यक्ति का शील कब सुसंगत होगा?

(a) जब शील नुकसानी पर प्रभाव डालता हो

(b) जब शील विवाद्यक हो

(c) जब शील अन्यथा सुसंगत साक्ष्य से प्रकट हो

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर (d)

32. जब न्यायालय को किसी व्यक्ति के डिजिटल (अब इलेक्टॉनिक) हस्ताक्षर के बारे में राय बनानी हो, तो निम्नलिखित में से किसकी राय सुसंगत है?

LawSpark Institute

(a) प्रमाणन प्राधिकारी
(b) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अन्तर्गत नियुक्त नियंत्रक
(c) इन्टरनेट सेवा प्रदाता
(d) डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र निर्गत करने वाले प्रमाणन प्राधिकारी

उत्तर (d)

33. शील से तात्पर्य है:
(a) केवल साधारण ख्याति से
(b) केवल साधारण स्वभाव से
(c) विशिष्ट ख्याति व स्वभाव से
(d) साधारण ख्याति व स्वभाव से

उत्तर (d)

34. आपराधिक मामले में यह तथ्य कि अभियुक्त अच्छे चरित्र का है -
(a) सुसंगत नहीं है
(b) सुसंगत है
(c) साबित नहीं किया जा सकेगा
(d) निश्चायक तथ्य है

उत्तर (b)

Lawspark Institute

35. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्न धाराओं में से किस धारा में पूर्ववर्ती सचरित्र आपराधिक प्रकरणों में सुसंगत माना जाता है?

(a) धारा 18 में

(b) धारा 26 में

(c) धारा 49 में

(d) धारा 53 में

उत्तर (d)

Mobile no. 9351849372

Lawspark Institute


RJS Preliminary Exam
Subscribe
YouTube
LAWSPARK
TOP MCQ'S
LAW SPARK
WEBSIT WWW.LAWSPARK.COM
RJS PRE/ MAINS
ADJ/ JLO/ APO/ ALL JUDICIAL EXAMS

Lawspark